## सार-समाचार

### बाल दिवस पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आज

**अजमेर(निसं)।** लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा शुक्रवार को बाल दिवस के मौके पर गंज स्थित राजकीय संस्कृत वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर बाल दिवस मनाया जाता है। समाज को यह संदेश देने के लिए कि बच्चों को समान शिक्षा, सुरक्षा, आहार एवं अवसर मिले, बाल दिवस मनाया जाता है। क्लब अध्यक्ष लायन सुनील शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी को बनाया गया है।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक

**भीलवाड़ा (निसं)।** टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 के अन्तर्गत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 14 नवंबर को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने दी।

### काली बाई स्कूटी योजना के आवेदन आमंत्रित

**भीलवाड़ा, (निसं)।** कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 1 दिसंबर है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अधिसूचित अल्पसंख्यक वर्ग (जैन, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी, मुस्लिम) की छात्राओं जिन्होने वर्ष 2024-25 में राज. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से कक्षा 12 में न्यूनतम 65 प्रतिशत तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सें कक्षा 12 में न्यूनतम 75 प्रतिशत प्राप्तांक से उत्तीर्ण की हो (परिणाम 2025 में घोषित हुआ हो) तथा महाविद्यालय व अन्य उच्च व्यवसायिक, तकनीकी व अन्य संस्थानों में नियमित अध्ययनरत हो तथा आवेदक के माता-पिता की अधिकतम आय 2.50 लाख रुपये हो। योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अल्पसंख्यक विभाग में अथवा कार्यालय दूरभाष नंबर 01482-232086 पर सम्पर्क कर सकते है।

# आमजन की समस्याओं पर त्वरित निस्तारण के निर्देश

■ पंचायत समिति में जनसुनवाई, डॉ. नेहा राजपूत ने कहा कि सरकार की मंशा यही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे

**अरांई, (निसं)।** पंचायत समिति अरांई में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास अधिकारी आईएएस डॉ. नेहा राजपूत ने की। उपखण्ड अधिकारी नीतू मीणा, तहसीलदार हिम्मत सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

आईएएस डॉ. नेहा राजपूत ने कहा कि सरकार की मंशा यही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। डॉ. राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें और हर स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता से संवाद का माध्यम है, जिसके जरिए प्रशासन सीधे लोगों की परेशानी समझ सकता है। एसडीओ नीतू मीणा ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान कुल 21 जनसमस्याएं दर्ज की गई। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण में आ रही दिक्कतें, अतिक्रमण, नालियों की मरम्मत और बरसाती पानी की निकासी जैसी समस्याएं प्रमुख रही। रोहित गौड़ सहित ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अरांई में रिक्त पदों पर चिकित्सक लगाने, अस्पतला में एक्सरे मशीन शुरू कराने, लैब में मरीजों की जांच शुरू करने की मांग की। गौड़ ने डॉ राजपूत को बताया कि अस्पताल में मरीजों की खून की सामान्य जांच भी नही हो रही है। सामान्य चोट व हड्डी रोगों के लिए एक्सरे के लिए किशनगढ़ तक जाना पड़ रहा है। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाने की मांग की। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन ब्लॉक अध्यक्ष रसीद मोहम्मद भोगादीत ने तहसील चौराहा स्थित सर्किल पर बने पिलर की ऊँचाई घटाने, हाईमास्ट लाइट लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पिलर की अधिक ऊंचाई के कारण सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। मगर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी ध्यान नही दे रहे है।

रामराज माली ने उसकी दिव्यांग पुत्री के राशन के गेंहू नहीं मिलने, पेंशन नही मिलने की शिकायत दर्ज करवाई, राजपूत समाज के छात्रावास में ट्यूबवेल लगाने, थाने में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। अधिकारियों ने मौके पर समस्याए सुनकर शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंपा। जनसुनवाई में पंचायतराज विभाग के साथ-साथ शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, विद्युत, जलदाय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेंट्रल व हाई-सिक्योरिटी जेल का औचक निरीक्षण

■ 60 अफसरों की टीम का सर्च ऑपरेशन, नहीं मिला कोई संदिग्ध सामान

**अजमेर, (निसं)।** सेंट्रल जेल और हाई सिक्योरिटी जेल का गुरुवार सुबह जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण एडीएम सिटी नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में 60 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवान जेल परिसर में गुरुवार सुबह दाखिल हुए और करीब एक घंटे तक सघन जांच की। टीम ने बैरकों, कैंटीन, बैंक, स्टोर रूम और कैदियों के निजी सामान की एक-एक वस्तु की बारीकी से जांच की। इसके अलावा जेल की परिधि और बाहरी परिसर को भी खंगाला गया। तलाशी पूरी होने के बाद टीम खाली हाथ लौटी और किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं मिली।

एडीएम सिटी नरेंद्र मीणा ने बताया कि यह औचक निरीक्षण जिला प्रशासन की मासिक औचक जांच योजना के तहत किया गया। हाल के वर्षों में जेलों में नियमित निरीक्षण की वजह से अवैध गतिविधियों में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सेंट्रल और हाई सिक्योरिटी जेलों में मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चाकू, ब्लेड, नशीला पदार्थ और धारदार हथियार मिल चुके हैं। कैदियों द्वारा जेल के भीतर से रंगदारी वसूली और गैंगवार की घटनाएं भी सामने आई थीं।

मीणा का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में प्रशासन और पुलिस की कड़ी मॉनिटरिंग से हालात बदले हैं, आकस्मिक निरीक्षण, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा सर्किल मजबूत होने से अब जेल में संदिग्ध गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। सर्च ऑपरेशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़, पुलिस लाइन के जवान, विभिन्न थानों का स्टाफ और विशेष सुरक्षा टीम शामिल रही।

# इंटर हाउस जूडो व कुश्ती प्रतियोगिता

**ब्यावर (निसं)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में इंटर हाउस 'कुश्ती व जूडो' प्रतियोगिता का आयोजन वर्द्धमान व्यायामशाला में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शाला प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गौतम चौहान द्वारा पूरे वर्ष विद्यार्थियों की शारीरिक सुदृढ़ता व सुरक्षा हेतु यह प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। यह प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग में रखी गई थी। जूनियर वर्ग के लिए कुश्ती में 25 कि.ग्रा. से 65 कि.ग्रा. भार वर्ग व सीनियर में 50 कि.ग्रा. से 80 कि.ग्रा भार वर्ग में छात्र-छात्राओं की अलग-अलग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें छात्रों के साथ-साथ छात्राओं का भी उत्साह व जोश देखते ही बनता था। यह प्रतियोगिता चार हाउस में विभाजित थी। कुश्ती प्रतियोगिता छात्र जूनियर वर्ग में रेड हाउस प्रथम, गोल्ड हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

सीनियर छात्र वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय व ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार छात्राओं की कुश्ती प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग गोल्ड हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर छात्रा वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, गोल्ड हाउस तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग रोमांचक जूडो प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में गोल्ड हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय व ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

सीनियर छात्रा वर्ग रेड हाउस प्रथम, गोल्ड हाउस द्वितीय व ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में ज्योति चौहान नें संयोजक, गौतम चौहान ने निर्णायक एवं विवेक भट्ट ने टाइम कीपर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उपप्राचार्या सुनीता चौधरी, ने सभी विजेता छात्र - छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सम्मानित

■ बाल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बाल संरक्षण गौरव पुरस्कार' प्रदान किया

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** घर से लापता हुई एक दस वर्षीय बालिका को परिवार से मिलाने में तत्काल पुलिस टीम का गठन कर बालिका को परिवार से मिलाने को लेकर किए गए मानवीय कार्य के लिए जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को बाल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बाल संरक्षण गौरव पुरस्कार' किया प्रदान किया गया। बाल संरक्षण के लिए किए गए कार्यों के लिए श्री गुरु कृपा जनहित सेवा संस्थान मेड़ता सिटी के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़, बाल कल्याण समिति न्यायपीठ नागौर अध्यक्ष मनोज सोनी, उपाध्यक्ष श्याम बोराणा, सह सचिव डीडी चारण, सदस्य राहुल कछावा ने नागौर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को संस्थान द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी में दिए जाने वाला पुरस्कार प्रदान किया गया।

## कार्यालय नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ जिला - चित्तौड़गढ़

क्रमांक/तामीर/25-26/7534-35 दिनांक :- 08.11.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भूखण्ड हस्तान्तरण चाहा है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक, न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन/स्थगन, स्वामित्व आदि सम्बंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो उजरदारी प्रकाशन के 07 दिवस में अपनी आपत्ति मय रेकार्ड के अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति कबिले समायत नही होगी और भूखण्ड हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. स. | भूखण्ड विक्रेता/वसीयत/कर्त्ता/बक्षीशकर्ता | भूखण्ड जिसके नाम हस्तान्तरण किया जाना है। | भूखण्ड संख्या साईज व पता |
|---|---|---|---|
| 1. | मूल पट्टा धारक- श्रीमती उषा शर्मा पत्नि श्री रमेश चन्द्र शर्मा वसीयत नामा - श्री रमेश चन्द्र पिता श्री रामदयाल शर्मा | श्री भैरव प्रकाश त्रिपाठी पिता श्री रमेश चन्द्र शर्मा निवासी राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने गांधीनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 01 क्षैत्रफल 1250 वर्गफीट, सें.नं. 4 गर्ल्स कॉलेज के पास चित्तौड़गढ़ |
| 2. | मूल पट्टा धारक- श्री भैरूलाल पिता श्री राम सहाय मीणा बक्षीस नामा - श्री भैरूलाल पिता श्री राम सहाय मीणा | श्री अरुण मीणा पिता श्री भैरू लाल मीणा निवासी- 12 एसटीसी रोड़ प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या Nil क्षैत्रफल 8700 वर्गफीट, श्रीराम सहाय कॉलोनी मीठाराम जी खेड़ा चित्तौड़गढ़ |
| 3 | मूल पट्टा धारक- श्री देवी सिंह पिता श्री कालु सिंह एवं श्री हिरालाल पिता श्री भगुडा गुर्जर अन्तिम विक्रेता - बंशीलाल स्वर्णकार एचयुएफ कर्त्ता श्री बंशीलाल पिता श्री हमीर लाल स्वर्णकार | श्री गोपाल कृष्ण जागेटिया पिता श्री कजोडीमल निवासी- अम्बेश्वरी कॉलोनी चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 63 क्षैत्रफल 1920 वर्गफीट, सुभाष नगर गृह निर्माण सह. समिति निम्बाहेड़ा रोड़ चित्तौड़गढ़ |
| 4. | मूल पट्टा धारक- श्रीमती मंजु गुर्जर पत्नि श्री मुन्नालाल गुर्जर अन्तिम विक्रेता - श्री जगदीश चन्द्र जैन पिता श्री मूलचन्द्र जैन | श्रीमती दिपिका पालीवाल पत्नि श्री कमलेश कुमार पालीवाल निवासी- टाई तह. निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 12 क्षैत्रफल 1050 वर्गफीट, लक्ष्मी नगर चित्तौड़गढ़ |
| 5. | मूल पट्टा धारक- श्री महेन्द्र,गजेन्द्र कोठारी पिता श्री शंकर कोठारी एवं श्रीमती स्नेहलता पत्नि श्री नेमीचन्द्र पगारिया अन्तिम विक्रेता - श्री मनीष कुमार पिता श्री सुरेन्द्र सिंह | श्री हेमन्त शर्मा पिता श्री कृष्णचन्द्र शर्मा निवासी- बीसीडब्लु कोलोनी से. 2 माधवनगर चन्देरिया चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 35 ब्लॉक ई क्षैत्रफल 1200 वर्गफीट, कालिका नगर आवासीय चित्तौड़गढ़ |
| 6. | मूल पट्टा धारक- श्री गोविन्द पिता श्री नवलदास गुरनानी अन्तिम विक्रेता - श्री रेवन्ती लाल मारू पिता श्री भुरालाल एवं रिलीज डीड से | श्रीमती पारस देवी पत्नि श्री रेवन्ती लाल मारू निवासी- प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 57 ए क्षैत्रफल 4800 वर्गफीट, प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ |
| 7. | मूल पट्टा धारक- शुभ विनायक बिजनेस इंण्डिया प्रा.लि. जरिये निदेशक श्रीमेती अंजना माहेश्वरी पत्नि श्री अशोक माहेश्वरी गिफ्ट डीड - श्रीमती रसाल देवी पत्नि श्री भैरू लाल | श्रीमती रेखा ढोली पत्नि श्री रमेश चन्द्र राव निवासी- ए 30 पुलिस लाईन चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 18 क्षैत्रफल 1815 वर्गफीट, नवरत्न नगर चित्तौड़गढ़ |
| 8. | मूल पट्टा धारक- श्री रोशन लाल पिता श्री भैरूलाल संचेती अन्तिम विक्रेता - श्रीमती सुनिता खाब्या पत्नि श्री रजनीश खाब्या | श्रीमती सीमा देवी पत्नि श्री किशन लाल भाण्ड निवासी- सदर बाजार चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 25 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट, वीर रेजीडेन्सी आवासीय योजना चित्तौड़गढ़ |
| 9. | मूल पट्टा धारक- श्री परथीराज पिता दलाजी अन्तिम विक्रेता - श्री घनश्याम दास बैरागी की मृत्यु हो जाने से | श्री दिनेश कुमार बैरागी पिता श्री घनश्याम दास बैरागी निवासी- दारू गोदाम के सामने रेल्वे स्टेशन रोड़ चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या Nil क्षैत्रफल 2400 वर्गफीट, दारू गोदाम के सामने रेल्वे स्टेशन रोड चित्तौड़गढ़ |
| 10. | मूल पट्टा धारक- श्री मनोहर अग्रवाल पिता श्री कल्याणमल अग्रवाल व श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पत्नि श्री मनोहर अग्रवाल अन्तिम विक्रेता - श्री आशीष कुमार सुराणा पिता श्री शोभाग सिंह सुराणा | श्रीमती दिनु कंवर पत्नि श्री नारायण सिंह हाड़ा निवासी- ऐरा तह. गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 74 क्षैत्रफल 1000 वर्गफीट, महेशपुरम योजना सेंती चित्तौड़गढ़ |
| 11. | मूल पट्टा धारक- श्री हरि सिंह पिता श्री लोभ सिंह राजपूत अन्तिम विक्रेता - श्रीमती रंजनी देवी पत्नि श्री शिवराजपुरी गोस्वामी | श्रीमती उषा देवी पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद डाड निवासी- नगरी तह. व जिला चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 197 ए क्षैत्रफल 980 वर्गफीट, से.नं. 2 गांधीनगर चित्तौड़गढ़ |
| 12. | मूल पट्टा धारक- श्री बहादूर सिंह राणावत,श्री सतीश प्रकाश शर्मा,सूर्य प्रकाश शर्मा,मंजु शर्मा अन्तिम विक्रेता - श्री फजल हक मंसुरी पिता श्री गफूर मोहम्मद एवं बहादूर सिंह वगैराह | श्री जिलानी मोहम्मद पिता श्री मोहम्मद ईस्माल मंसुरी निवासी- 414/5 शहीद भगत सिंह कॉलोनी गली नं. 1 गांधीनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 418 क्षैत्रफल 810.30 वर्गफीट, गांधीनगर से.नं. 5 के पास चित्तौड़गढ़ |
| 13. | मूल पट्टा धारक- श्री कैलाश चन्द्र धोबी पिता श्री मांगीलाल धोबी अन्तिम विक्रेता - श्रीमती सुनिता बल्दवा पत्नि श्री अरविन्द बल्दवा | श्रीमती सुशिल कुमार बापना पिता श्री रोशललाल बापना व श्रीमती मीना बापना पत्नि श्री सुशिल बापना निवासी- नया महादेव जी की गली बापना भवन सदर बाजार चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 113 क्षैत्रफल 1225 वर्गफीट, शिवलोक कॉलोनी चित्तौड़गढ़ |
| 14. | मूल पट्टा धारक- श्री रतन लाल पिता श्री पेमा सालवी,श्रीमती डाली बाई पत्नि श्री रतन लाल सालवी अन्तिम विक्रेता - श्रीमती प्रेम बाई पत्नि श्री शांति लाल दर्जी व श्रीमती धापू बाई पत्नि श्री मोहन लाल धाकड | श्री भैरूलाल पिता श्री उदयलाल धाकड निवासी- धाकडो का मोहल्ला सेंती चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या Nil क्षैत्रफल 2508 वर्गफीट, धाकड मोहल्ला सेंती चित्तौड़गढ़ |
| 15. | मूल पट्टा धारक- श्री भैरू लाल पिता श्री नारू गमेती अन्तिम विक्रेता - चौधरी इन्फ्राहाइट प्रा.लि. जरिये श्री राकेश कुमार त्रिपाठी पिता श्री सुर्य प्रकाश त्रिपाठी | श्रीमती कान्ता गोस्वामी पत्नि श्री सुरेन्द्र पुरी निवासी- 27 उपरलापाडा शोरगरो का नीम चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 83 क्षैत्रफल 540 वर्गफीट, शारदा रॉयल ग्रीन सेगवा चित्तौड़गढ़ |
| 16. | मूल पट्टा धारक- श्री बालकिशन पिता श्री किशोर लाल शर्मा वसीयत द्वारा | श्री इन्द्र कुमार पिता श्री लक्ष्मी लाल मेहता निवासी- गांधीनगर से. नं. 4 चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 142 का भाग क्षैत्रफल 2700 वर्गफीट, गांधीनगर चित्तौड़गढ़ |
| 17. | मूल पट्टा धारक- श्री विक्रम शुक्ला पिता श्री रमेश चन्द्र अन्तिम विक्रेता - श्रीमती शाहीन पत्नि श्री मुख्तार हुसैन | श्रीमती शबाना कागदी पत्नि श्री सद्दाम हुसैन निवासी- हुडको कॉलोनी सेक्टर नं. 5 गांधीनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 621 क्षैत्रफल 522.75 वर्गफीट, गांधीनगर विस्तार योजना 5 चित्तौड़गढ़ |
| 18. | मूल पट्टा धारक- श्री निसार हुसैन पिता श्री अख्तर हुसैन लौहार अन्तिम विक्रेता - श्री मुराद भिश्ती पिता श्री रमजानी | श्रीमती रशीदा बानो पत्नि श्री नूर मोहम्मद निवासी- कच्ची बस्ती गांधीनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 378 क्षैत्रफल 666 वर्गफीट, गांधीनगर सेक्टर नं. 5 विस्तार योजना चित्तौड़गढ़ |
| 19. | मूल पट्टा धारक- श्री करण सिंह पिता श्री डालचन्द्र जैन अन्तिम विक्रेता - श्री राकेश कुमार गगरानी पिता श्री रामेश्वर लाल गगरानी | श्री श्यामलाल बैरवा पिता श्री शंकर लाल बैरवा निवासी- गणेशपुरा पहुना तह. राशमी जिला चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 35 क्षैत्रफल 1750 वर्गफीट, बालाजी नगर के पास चित्तौड़गढ़ |
| 20. | मूल पट्टा धारक- श्री गंगाराम पिता श्री बालु रिलीज डीड - श्रीमती मंजु गगरानी,गायत्री मालु,पुरुषोतम लाल चौखडा,ललित कुमार चोखडा | श्री कैलाश चन्द्र चौखडा पिता श्री सोहन लाल चौखडा निवासी- प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 54 क्षैत्रफल 2400 वर्गफीट, प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ |
| 21 | मूल पट्टा धारक- श्री नारायण पिता श्री चतरभुज गुर्जर अन्तिम विक्रेता - श्री तमीश कुमार दशोरा पिता श्री रमेश कुमार दशोरा | श्री फूल परवीन बानू पिता श्री मोहम्मद रफिक निवासी- बांडी मोहल्ला शाहपुरा जिला भीलवाड़ा | भूखण्ड संख्या 12 क्षैत्रफल 1650 वर्गफीट, फेण्डस कोलोनी मानपुरा रोड के पास चित्तौड़गढ़ |
| 22 | मूल पट्टा धारक- श्री भैरू लाल पिता श्री राम सहाय मीणा अन्तिम विक्रेता - श्री नवीन कुमार पटवारी पिता श्री लादुलाल पटवारी | श्री प्रीति अग्रवाल पत्नि श्री जोनीत अग्रवाल निवासी- सेठ सांवरिया नगर प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 16 क्षैत्रफल 1625 वर्गफीट, सेठ सांवरिया नगर के पास चित्तौड़गढ़ |
| 23 | मूल पट्टा धारक- श्री भैरू लाल पिता श्री राम सहाय मीणा अन्तिम विक्रेता - श्री नवीन कुमार पटवारी पिता श्री लादुलाल पटवारी | श्री प्रीति अग्रवाल पत्नि श्री जोनीत अग्रवाल निवासी- सेठ सांवरिया नगर प्रतापनगर चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 15 क्षैत्रफल 1250 वर्गफीट, सेठ सांवरिया नगर के पास चित्तौड़गढ़ |
| 24 | मूल पट्टा धारक- श्री अनवर मोहम्मद छीपा पिता श्री गुलाम नबी छीपा आपसी विनियम से | श्री फारुक अहमद पिता श्री गुलाम नबी छीपा निवासी- छीपा मोहल्ला उपर की मस्जिद के पास चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 50 क्षैत्रफल 1225 वर्गफीट, रामद्वारा के सामने नाडोलिया कच्ची बस्ती चित्तौड़गढ़ |
| 25 | मूल पट्टा धारक- श्रीमती मीरा पत्नि श्री किशन चन्द्र एवं श्री कल्याण चंद पिता श्री किशनचन्द्र एवं श्री चन्द्र उर्फ खेमचन्द पिता श्री किशन चंद कृपलानी अन्तिम विक्रेता - श्रीमती लीलावती सोमानी पत्नि श्री बसन्तीलाल सोमानी | श्री मनोज कुमार जोशी पिता श्री शान्तिलाल जोशी निवासी- 62 राधा कृष्ण मंदिर रेवलियाकला तह. भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 5 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट, तिलक नगर चतुर्थ आवासीय योजना चित्तौड़गढ़ |
| 26 | मूल पट्टा धारक- श्री रोशनलाल लोढ़ा पिता श्री सोभागमल लोढ़ा अन्तिम विक्रेता - श्रीमती राजु देवी ओझा पत्नि श्री कैलाश चन्द्र ओझा | श्री जगदीश चन्द्र नाई पिता श्री छगन लाल नाई निवासी- सेंती चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 191 क्षैत्रफल 1250 वर्गफीट, रूपनगर एक्स्टेंशन द्वितीय आवासीय योजना चित्तौड़गढ़ |
| 27 | मूल पट्टा धारक- श्रीमती जयकंवर पत्नि श्री प्रेमसिंह अन्तिम विक्रेता - श्री सुनील कुमार पिता श्री मनोहर लाल सेठिया | श्रीमती रूबीना बानु पत्नि श्री मोहम्मद आसिफ निवासी- बाहेतियो की गली पावटा दरवाजा चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 190 क्षैत्रफल 980 वर्गफीट, गांधीनगर कच्ची बस्ती चित्तौड़गढ़ |
| 28 | मूल पट्टा धारक- श्रीमती केसर बाई पत्नि श्री शांतिलाल धोबी अन्तिम विक्रेता - श्री देवीलाल चुण्डावत पिता श्री भारत सिंह राजपुत एवं श्री गोपाल सिंह चुण्डावत पिता श्री भारत सिंह | श्री विष्णु सोनी पिता श्री जगदीश लाल स्वर्णकार निवासी- बाहेतियो की गली चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 17 का पश्चिम भाग क्षैत्रफल 878.5 वर्गफीट, दिवाकर नगर के पास चित्तौड़गढ़ |
| 29 | मूल पट्टा धारक- श्रीमती केसर बाई पत्नि श्री शांतिलाल धोबी अन्तिम विक्रेता - श्री देवीलाल चुण्डावत पिता श्री भारत सिंह राजपुत एवं श्री गोपाल सिंह चुण्डावत पिता श्री भारत सिंह | श्री नितिन सोमानी पिता श्री किशनलाल सोमानी निवासी- सोमानी मोहल्ला,घटियावली तह.व जिला चित्तौड़गढ़ | भूखण्ड संख्या 17 का पूर्वी भाग क्षैत्रफल 900 वर्गफीट, दिवाकर नगर के पास चित्तौड़गढ़ |

Raj.samwad/C/25/13733 आयुक्त

### 34वीं वार्षिक आमसभा-खुला अधिवेशन आज

**अजमेर, (निसं)।** अजमेर सरस डेयरी की 34वीं वार्षिक आमसभा 14 नवम्बर पुष्कर स्थित जाट विश्रामस्थली में आयोजित होगी। आमसभा के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े होंगे, जबकि अध्यक्षता अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी होंगे।

अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि 14 नवंबर को दोपहर वैधानिक आम सभा के बाद दोपहर 1 से 2 बजे तक जाट विश्राम स्थली पुष्कर में खुला अधिवेशन होगा। अधिवेशन के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे होंगे। राज्यपाल जयपुर से दोपहर 1 बजे कार्यक्रम स्थल पुष्कर की जाट विश्राम स्थल पहुंचेंगे। चौधरी ने बताया कि आमसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय व्यय का अनुमोदन तथा वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट एवं कार्ययोजना पर चर्चा के बाद स्वीकृति दी जाएगी। इसके साथ ही जिले की समस्त दुग्ध समितियों एवं दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं के समाधान पर भी संवाद किया जाएगा।

### इन्वेस्टिचर सेरेमनी 25-26 का भव्य आयोजन

**भीलवाड़ा(निसं)।** संगम विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु "इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2025-26" का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. मोदानी (वाइस चेयरमैन, संगम ग्रुप) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री माधव उपाध्याय, आईपीएस (एएसपी, सदर, भीलवाड़ा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) करूणेश सक्सेना, प्रेसीडेंट, संगम विश्वविद्यालय ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब द्वारा निर्मित वॉल मैगजीन के अनावरण से हुआ। इसके पश्चात प्रो. (डॉ.) प्रीति मेहता, डीन - स्टूडेंट वेलफेयर ने विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण गतिविधियों और छात्र संगठन एवं क्लब्स के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न सोसाइटी के अंतर्गत 15 क्लब सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जिनका ध्येय है - छात्रों के लिए, छात्रों द्वारा, छात्रों का संगठन। कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना ने कहा कि नेतृत्व केवल पद का नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। छात्र अपने अनुशासन, आचरण और कार्यशैली से विश्वविद्यालय की पहचान को और ऊँचाई पर ले जाएँ। समारोह में क्लब सचिव, संयुक्त सचिव और मेंटर्स को बैज प्रदान कर उन्हें माधव उपाध्याय, आईपीएस द्वारा जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। आईपीएस माधव ने सभी को आगे सफलता के लिए प्रेरणा दी।

# अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी पर सीएम को पत्र लिखा

**भीलवाड़ा( निसं )।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने जिले के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान महात्मा गांधी अस्पताल (संबद्ध आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज) में नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी और नर्सों के लिए हार्ड ड्यूटी अलाउंस की विसंगतियों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। एसोसिएशन के संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज, जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली, और जिला संयोजक सावरमल स्वर्णकार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, चिकित्सा सचिव, प्रिंसिपल आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कलेक्टर सहित अन्य उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। एसोसिएशन ने बताया कि भीलवाड़ा जिले के सभी हिस्सों से प्रतिदिन 5000 से अधिक मरीज इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल आते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने अस्पताल में बेड की संख्या 533 से बढ़ाकर 850 तो कर दी है, लेकिन इसके अनुपात में नर्सिंग स्टाफ के पद नहीं बढ़ाए गए। इसके विपरीत, कई नर्सिंग अधिकारी पदोन्नित पाकर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए हैं या रिटायर हो चुके हैं, जिससे स्टाफ की कमी और बढ़ गई है। वर्तमान में महात्मा गांधी अस्पताल में 107 नर्सिंग स्टाफ के पद खाली चल रहे हैं, जिसके कारण मरीजों को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देने में कठिनाई आ रही है। एसोसिएशन ने मांग की है कि महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा में कम से कम 100 नर्सिंग ऑफिसर्स को तत्काल नियुक्त किया जाए। इसके अलावा, संगठन ने प्रदेश के नर्सों को मिलने वाले हार्ड ड्यूटी अलाउंस की विसंगति को भी प्रमुखता से उठाया है। नर्सिंग स्टाफ को यह अलाउंस बहुत कम मिल रहा है, जो ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है।


